# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
10/09/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Lokmat (Akola,MH)**

## आश्वस्त करता मार्च...



मोहर्रम और गणेशोत्सव समापन के दौरान शांति और व्यवस्था कायम रखने की चाक-चौबंद तैयारी के साथ पुलिस [illegible] के नेतृत्व में सुरक्षा-बलों ने रविवार शाम रूट-मार्च किया.

Dainik Bhaskar(Akola,MH)

# विसर्जन मार्ग पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

अपराध संवाददाता | अकोला

गुरुवार को गणेश विसर्जन के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख मार्ग से गणेश विसर्जन रैली निकाली जाएगी। इस रैली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग प्रयास कर रहा है। इसी बीच जिला पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में अधिकारियों ने विसर्जन मार्ग का जायजा लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक अनोद गांवकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयासरत है उत्सवों के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गड़बड़ी को रोकने के उन्होंने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के आदेश दिए है। देश में गुरुवार को विगत 10 दिनों से विराजे श्रीगणेश का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन के दिन शहर में भव्य जुलूस निकाला जाता है। गणेश विसर्जन शांतिपूर्वक निबटाने के साथ नागरिकों को वह सुरक्षित है तथा अपराधी सजा से



यह बताने के उद्देश से जिला पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में अपर पुलिस अधीक्षक

शेष | पेज 16 पर

## Desonnathi (Akola,MH)




सण-उत्सवानिमित्त पोलिस दलाने शहरातून रूट मार्च काढला आहे. यावेळी पोलिस अधीक्षक अमोघ गावकर, अप्पर पोलिस अधीक्षक विक्रांत देशमुख, शहर पोलिस उपअधीक्षक सचिन कदम यांच्यासह शहरातील सर्वच पोलिस स्टेशनचे ठाणेदार सहभागी झाले होते.

**Punyanagari (Akola,MH)**



# शहरात पोलीस प्रशासनाकडून रूट मार्च

। अकोला : शहरात सार्वजनिक गणेशोत्सव निविघ्न साजरा व्हावा, कायदा व सुव्यवस्था अबाधित रहावी याकरीता रूट मार्च काढण्यात आला आहे.

सार्वजनिक गणेशोत्सवात शहरात कायदा व सुव्यवस्था अबाधित रहावी, गणेशोत्सवात कुठल्याही प्रकारचा अडथळा निर्माण होवू नये याकरीता पोलीस प्रशासनाकडून खबरदारी घेतली जात आहे. त्याअनुषंगाने शहरातील विविध भागात रूटमार्च काढण्यात आला. यावेळी जिल्हा पोलीस अधिक्षक अमोघ गावकर, अपर पोलीस अधिक्षक विक्रांत देशमुख, उपविभागीय पोलीस अधिकारी सचिन कदम यांच्यासह विविध पोलीस स्टेशनचे पोलीस निरीक्षक, सहाय्यक पोलीस निरीक्षक, पोलीस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होते. यावेळी कायदा व सुव्यवस्थेची पाहणी करून आढावा घेण्यात आला.

Scanned with CamScanner

## Dainik Jagran (Hazaribagh,JKD)

# मोहर्रम जुलूस में गूंजे या हुसैन या अली के नारे

## छड़वा मोहर्रम मैदान में नवमी पर उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़ पारंपरिक खेलों का किया प्रदर्शन, खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत, सुरक्षा कड़ी

संवाद सूत्र कटकमसांडी: मोहर्रम के नवमी को छड़वा मुहर्रम मैदान में अकीदतमंदों की जबरदस्त भीड़ दिखाई दिखी। या हुसैन या अली के नारे से इलाका गूंजता रहा।

नवमी को छड़वा मुहर्रम मेले में खुटरा, चक्सा, रोमी, हेदलाकं, लुपुंग, गोविंदपुर, सुलमी आदि गांवों का जुलूस शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न अखाड़े के युवकों ने पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों व पैकाहे गाजे बाजे के साथ या हसन-या हुसैन के नारे लगा रहे थे। सोमवार को आयोजित नवमी के मेले में काफी संख्या में हिंदू भाइयों की शिरकत हुई। नवमी के मेले में गदोखर पंचायत के पूर्व मुखिया नारायण साव और कंचनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक राणा ने लाठी के खेल का प्रदर्शन कर लोगों की वाहवाही बटोरी।

मौके पर मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, सचिव बाबर अंसारी, नायब सचिव तस्लीम परवेज, जिप प्रतिनिधि मिस्बाहुल इस्लाम, साजिद खान, अनवारुल हक, समाजसेवी अंतु साव, पूर्व मुखिया अशोक राणा, पूर्व मुखिया नारायण साव, किशोरी पासवान, उप मुखिया महमूद अंसारी, मो. अयूब, मो. अकबर, नौशाद खान, जमशेद खान, महबूब आलम, तौफीक आलम, अब्दुल लतीफ मल्लिक, अबुल हसन, आफताब खान, राजू खान, इंतेखाब हुसैन सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक महकमा मुस्तैद दिखी। मेले में बच्चे व महिलाएं झूले का लुत्फ उठाया। इधर जिप प्रतिनिधि मिस्बाहुल इस्लाम ने प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। बताया कि बैठकों में मेडिकल कैंप की व्यवस्था करने की प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई। मेले में दो व्यक्ति घायल भी हुए।



मुहर्रम की नवमी में छड़वा मैदान में निकले जुलूस में शामिल लोग • जागरण



फ्लैग मार्च में शामिल जवान • जागरण

## शहर में मोहर्रम जुलूस को लेकर निकला फ्लैग मार्च

जासं, हजारीबाग : मोहर्रम पर्व को लेकर शहर में सोमवार अपराह्न फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सदर एसडीओ मेघा भारद्वाज, डीएसपी विवेकानंद ठाकुर शामिल थे। पर्व को लेकर निकलने वाले जुलूस के मद्देनजर शांति व्यवस्था को लेकर की गई प्रशासनिक तैयारियों का नजारा पेश किया गया। फ्लैग मार्च की शुरुआत पुलिस लाइन से हुई। इसमें शामिल जवान कतारबद्ध होकर इंद्रपुरी चौक, मेन रोड सहित शहर के प्रमुख मार्गों विशेषकर मुहर्रम जुलूस मार्ग से गुजरे। पदाधिकारी द्वय द्वारा इस दौरान शहरवासियों को शांति और सदभाव के साथ पर्व मनाने का आह्वान किया। कहा गया मुहर्रम का जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाले और जिनके पास लाइसेंस है वही निकालें। साथ ही साथ लोगों से अपील की गई कि वह किसी तरह की अफवाह पर कतई ध्यान न दें।

### विधायक ने मोहर्रम कमेटी को दी सहयोग राशि

संवाद सूत्र केरेडारी : बड़कागांव विधायक निर्मला देवी व पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव ने मोहर्रम पर्व को लेकर प्रखंड के सभी मोहर्रम कमिटी को एक जर्सी दी है। इसका वितरण साव के भाई वीरेन्द्र प्रसाद साहू ने केरेडारी प्रखंड इकाई के सदस्यों के उपस्थिति में किया। सोमवार को प्रखंड के ग्राम पेटो, जोको, गरीकला, देवरियाकलां, जमीरा, बेलतु, कंडाबेर समेत प्रखंड के सभी मोहर्रम कमेटी को जर्सी सेट और सहयोग राशि प्रदान की गई। मौके वीरेंद्र साहू ने बताया कि विधायक निर्मला देवी का प्रयास है कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का विकास हो। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, अयूब अंसारी, सलामत अंसारी, राजेंद्र प्रजापति, नरेश साव, पप्पू साव, दिलीप गोस्वामी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### निर्धारित रूट से जुलूस निकालने का निर्देश

हजारीबाग : उपायुक्त भुवनेश प्रताप सिंह ने कहा है कि मुहर्रम पर्व को शांति, सद्भावना व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। इसमें आम लोगों को भी सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्धारित स्थलों पर दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## शाह हस्त हुसैन बादशाहस्त हुसैन .....



सोमवार कर्बला की मजलिस में शामिल लोग • जागरण

जासं, हजारीबाग : शाह हस्त हुसैन, बादशाहस्त हुसैन, दीनस्त हुसैन, दीं पनाहस्त हुसैन, सरदाद, न दाद, दस्त दर दस्ते यजीद, हक्का के बेनाए लाइलाहस्त हुसैन। हिंदलवली ख्वाजा गरीब नवाज रह. के इस शेर की रोशनी में जलसाए शहादत हजरत इमाम हुसैन रजि. की मजलिस का आयोजन नवाबगंज में सोमवार को किया गया था। मोहर्रमुलहराम की नौ तारीख को कैसरुल हसन खान के आवास पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब शम्स असदकी चौधरी ने और संचालन जनाब इनामुल हक ने किया। बतौर मुकर्रिर शहर काजी हाजी युनूस फैजी, मौलाना जाकिर हुसैन सिद्दीकी, मौलाना अब्दुल वाहिद मिस्बाही इमाम सुल्तानुल हिंद मस्जिद, मौलाना हस्शाम अहमद शामिल हुए। शायरे इस्लाम व नातख्वां हजरात में सैय्यद मोहम्मद नाजिम, मो. शाहिद हुसैन नूरी, अब्दुल शकूर अजहरनवी, सैयद अब्दुल फैज नटखट अजीमाबादी, कारी मो. सेराज, कमर गेयावी, शफक हसन खान के अलावा समाज के मुख्य लोगों में राजद जिला अध्यक्ष संजर मलिक, अधिवक्ता जमील खान, नसीम खान, आरीफ कमाल खान, शमसेर आलम, फिरोज हसन खान, सोनु मलिक, अफरोज हसन खान, मोनु मलिक, सैफ हसन खान, अमजद हसन खान, मो. शहाब, अली हसन, प्रो इरफान अशरफ, मन्नवर मुर्तजा, अशरफ कुरैशी, मो शौकत अनवर, नौशाद खान, मो. जावेद, शमशाद आदि शामिल हुए। दुआ के बाद शीरनी, शर्बत की तकसीम के अलावा गारे हेरा व कर्बला मोअल्ला की पाक मिट्टी, मदीना शरीफ की अहम चीजों की जियारत कराई गई।

CamScanner

Sangram (Hazaribagh,JKD)

### छड़वा में आज होगा अखाड़ों के गगनचुंबी तजिया का मिलान

# मुहर्रम त्योहार को लेकर जिला प्रशासन का शहर में फ्लैग मार्च



## रैफ जवान व एसडीओ का पैदल मार्च, संवेदनशील स्थानों का किया मुआयना

संवाददाता

हजारीबाग : मुहर्रम त्यौहार को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुट गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। अनुमंडल पदाधिकारी मेघा भारद्वाज एवं पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी कमल किशोर के नेतृत्व में पुलिस लाइन में सबसे पहले रैफ एवं जिला बल के जवानों को संबोधन कर निर्देशित किया गया। निर्देशन के बाद पुलिस लाइन से फ्लैग मार्च प्रारंभ हुआ जो इंद्रपुरी चौक होते हुए झंडा चौक होकर खिरगांव गांव पहुंचे। अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी के आगे-आगे घुड़सवार चलकर पूरे फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। पूरी टीम शहर के खिरगांव, ग्वालटोली घूमते हुए लिटिल फ्लॉवर स्कूल होकर सुभाष मार्ग पहुंचा। फ्लैग मार्च शहर होते हुए वापस पुलिस लाइन की ओर रवाना हो गए। मार्च करते हुए पदाधिकारी ने लोगों से अपील कर रहे थे कि वह शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए और जुलूस का जो निर्धारित मार्ग उसी मार्ग से अपनी जुलूस को निकाले और गंतव्य स्थान की ओर प्रस्थान करेंगे। बताते चलें कि सोमवार की रात्रि शहर में मोहर्रम का जुलूस निकला। सभी अपने-अपने मोहल्ले जुलूस निकालकर देर रात्रि जुलूस का मिलान सुभाष मार्ग में हुआ। मंगलवार कोभी पूरे शहर में मोहल्ले के खलीफा के नेतृत्व में जुलुस निकलेगा। प्रशासन जुलूस निकलने की पूर्व संध्या पर शहर में फ्लैग मार्च कर शहर के स्थिति का जायजा लिया। 10 सितंबर को छड़वा डैम में ग्रामीण क्षेत्रों का जुलूस निकलेगा, जहां आसपास के करीब दो दर्जन गांव से ताजिया एवं आसमान छूने वाली गगनचुंबी निशान निकलेगा और फिर निशानों का मिलान होगा। मेला की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। शहर में फ्लैग मार्च करने वाली टीम एसडीओ के नेतृत्व में देर शाम छड़वा गांव भी पहुंचे और पूरे गांव और क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया। मोहर्रम त्योहार को लेकर छड़वा गांव डैम परिसर में रैफ एवं साइट के साथ जिला बल के जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षा का पूरा एहतियात बरता जा रहा है।

CamScanner

Aavaj (Hazaribagh,JKD)

### सभी थाना प्रभारियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों से किया गया लैस, भारी संख्या में जवान तैनात

# मुहर्रम को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी शहर व छड़वा डैम में निकला फ्लैग मार्च

## जिले में एक हजार अतिरिक्त बल तैनाती

## छड़वा डैम परिसर में लगने वाले मुहर्रम मेले को लेकर विशेष चौकसी

भास्कर न्यूज | हजारीबाग



मुहर्रम को देखते हुए निकाले गए फ्लैग मार्च में शामिल जवान।



फ्लैग मार्च में शामिल घुड़सवार जवान।

मुहर्रम को लेकर शहर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को पुलिस ने शहर व छड़वा डैम सड़क पर फ्लैग मार्च निकाली। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओ विवेकानंद ठाकुर, सीसीआर डीएसपी अमिता लकड़ा, डीएसपी कमलकिशोर प्रमुख रूप से शामिल थे। वहीं शहर से सटे छड़वा डैम में तीन दिवसीय मुहर्रम मेला शुरू हो चुका है। यहां मंगलवार को मुहर्रम के दिन दर्जनों गांव से ढोल ताशा और निशान के साथ डैम परिसर में लोग पहुंचते हैं। वहीं अखाड़े के लोग अपनी कला कौशल का प्रदर्शन करते हैं।

मुहर्रम में विधि व्यवस्था बनाने को लेकर शहर में एक हजार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। ऐसे पूरे आसपास के क्षेत्र में 10 हजार पुलिस सुरक्षा में लगाए गए हैं। जिसमें रैफ, आईआरबी, जैप, सीआरपीएफ के अलावे ग्राउंड कंट्रोल बल के पुलिस शामिल हैं। 200 से अधिक पुलिस भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात किया गया है। जुलूस को लेकर सभी अखाड़ों के साथ दंडाधिकारी एवं सशस्त्र बल तैनात किए गए हैं। वहीं सभी थाना प्रभारी को दंगा नियंत्रण उपस्करों से लैस किया गया है।


एसडीपीओ कमलकिशोर ने बताया कि सभी थाना प्रभारी को दंगा नियंत्रण उपस्करों से लैस कर दिया गया है। पुलिस बल को स्पेशल लाठी, सुरक्षात्मक कवच, हेलमेट, हैंड ग्रेनेड, आंसू गैस, रबर बुलेट आदि से लैस कर दिया गया है। इधर सदर अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दिया गया है। मेले व शहर में महिला बल को भी लगाया गया है। सीसीटीवी कैमरे से जुलूस में नजर रखी जाएगी।

Dainik Bhaskar (Hazaribagh,JKD)

# मुहर्रम आज, प्रशासन चौकस शहर में किया गया फ्लैग मार्च

आवाज संवाददाता

हजारीबाग। मुहर्रम पर्व मंगलवार को जिले भर में मनाया जाएगा। मुहर्रम को शांति, सदभावना व सोहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। प्रशासन द्वारा सोमवार को पुलिस लाईन से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुलिस लाईन होते हुए शहर के संवेदनशील ईलाकों में किया गया। प्रशासन द्वारा सभी निर्धारित स्थलों पर दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही विभिन्न चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। प्रशासन ने अखाड़ा संचालकों, जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्धजन अपने दायित्वों का निर्वाहन करने, शांति व सद्‌भावना के साथ मुहर्रम संपन्न कराने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। निर्धारित किये गये रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने, जुलूस में शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने, अफवाहों पर न ही ध्यान और न ही अफवाहों को फैलाने, सोशल मीडिया का इस्तेमाल काफी सोच समझ कर करने, भड़काऊ गाने नहीं बजाने, समाज में कटुता फैलाने वाले तत्वों का चिन्हित करने व इसकी सूचना प्रशासन को देने की अपील की गई है। फ्लैग मार्च से पहले सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एसडीपीओ कमल किशोर ने जवानों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, जिसके बाद फ्लैग मार्च निकाला गया।



Scanned with CamScanner

**Dainik Jagran (Patna,Bihar)**

# पांच सदस्यीय समिति करेगी प्रकाशपर्व की तैयारी

## तख्त श्रीहरिमंदिर में प्रबंधक समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम



तख्त श्रीहरिमंदिर पटना साहिब मे बैठक करते प्रबंधक समिति के सदस्य • जागरण

जागरण संवाददाता, पटना सिटी : तख्त श्रीहरिमंदिर जी प्रबंधक समिति की बैठक सोमवार को लगभग बारह बजे दिन में तख्त परिसर के सम्मेलन कक्ष में शुरू हुई। इसमें 15 बिंदुओं पर समिति के 14 सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। जत्थेदार पद पर नियुक्ति के लिए ज्ञानी रंजीत सिंह पर सहमति बनी। अन्य मुद्दों पर सहमति नहीं बनी।

देश के विभिन्न भागों से सिख नेता पटना साहिब पहुंचे थे। बैठक में हंगामा की आशंका को लेकर एसडीओ राजेश रौशन, डीसीएलआर अखिलेश कुमार, तीन दंडाधिकारी, चौक थानाध्यक्ष मितेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, दारोगा धर्मेंद्र कुमार व अन्य पदाधिकारी दिन भर तख्त परिसर में मुस्तैद रहे। सुरक्षा के को लेकर डेढ़ दर्जन रैफ, एक दर्जन बिहार पुलिस के जवान व महिलाओं को तैनात किया गया था। बैठक में प्रबंधक समिति के 14 सदस्यों तथा चार कार्यालय पदाधिकारियों के अलावा किसी अन्य को नहीं प्रवेश करने दिया गया। सुरक्षा के कारण हंगामा करने वाले दुबक गए। बैठक के पूर्व ग्रंथी दिलीप सिंह ने अरदास किया। पूर्व महासचिव व वर्तमान प्रबंधक समिति के सलाहकार सरदार चरणजीत सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।



तख्त श्रीहरिमंदिर में जत्थेदार पद के चुनाव को लेकर तैनात सुरक्षाकर्मी • जागरण

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह हित ने बताया कि 15 सूत्री एजेंडा में 10 मई की बैठक के कार्यवाही की संपुष्टि पर विचार, पिछली बैठक पर महासचिव द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट पर विचार, तख्त श्रीहरिमंदिर के जत्थेदार नियुक्ति पर निर्णय, गुरुनानक देव के 550 वें तथा गुरु गोविंद सिंह के 353 वें प्रकाशपर्व की तैयारियों व बजट की स्वीकृति के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया। कर्मचारियों के लिए सर्विस रूल लागू करने से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया। उक्त कमिटी 15 दिनों में रिपोर्ट देगी। बैठक में 'प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह हित, महासचिव महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, सचिव महेंद्र सिंह छाबड़ा, वरीय उपाध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, सदस्यों में सरदार गोविंद सिंह लोगोंवाल, सुरेंद्र सिंह रूमाले वाला, राजा सिंह, हरवंश सिंह, लखविंदर सिंह, कमीकर सिंह, जगजोत सिंह, त्रिलोचन सिंह व हरपाल सिंह जौहल थे।

# श्रीहरिमंदिर के जत्थेदार बने ज्ञानी रंजीत सिंह

गौहर-ए-मस्कीन ज्ञानी रंजीत सिंह ने सोमवार को तख्त श्रीहरिमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार पद की सेवा संभाल ली। सेवा संभाल समागम के दौरान तख्त श्रीहरिमंदिर जी पटना साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार भाई रजिंदर सिंह, हुजूर साहिब नादेड़ के जत्थेदार ज्ञानी राम सिंह, तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह, अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी भाई मलकीयत सिंह, दिल्ली शीशगंज गुरुद्वारा के मुख्यग्रंथी ज्ञानी हरनाम सिंह, यमुनानगर के संत करमजीत सिंह, नानकसर कलेरा के संत धाला सिंह, नानकसर करनाल के संत योगा सिंह, अमृतसर के संत कश्मीर सिंह भूरिवाले, हुजूर साहिब प्रबंधक समिति के प्रधान भूपेंद्र सिंह, दिल्ली गुरुद्वारा की वरीय मीत प्रधान बीबी रंजीत कौर, मुबंई के इकबाल सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति अमृतसर के अध्यक्ष सरदार गोविंद सिंह लोगोंवाल, तख्त श्रीहरिमंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह हित, महासचिव महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, सचिव महेंद्र सिंह छाबड़ा, वरीय उपाध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह, सदस्यों में सरदार सुरेंद्र सिंह रूमाले वाला, राजा सिंह, हरवंश सिंह, लखविंदर सिंह, कमीकर सिंह, जगजोत सिंह, त्रिलोचन सिंह, हरपाल सिंह जौहल व अन्य ने जयकारों के बीच दस्तार व सिरोपा भेंटकर सेवा प्रदान की गई। इससे पूर्व ज्ञानी रंजीत सिंह की नियुक्ति के संबंध में तख्त श्रीहरिमंदिर जी प्रबंधक समिति के 14 सदस्यों द्वारा बैठक में मंजूर प्रस्ताव को दरबार साहिब में सिख संगत के समक्ष सदस्य सुरेंद्र सिंह रूमालेवाला ने पढ़कर सुनाया।




जत्थेदार ज्ञानी रंजीत सिंह • जागरण

### मर्यादा के साथ करेंगे गुरुघर की सेवा

वर्ष 1968 में उत्तरप्रदेश के रामपुर में जन्मे ज्ञानी रंजीत सिंह ने बताया कि वे राजनीति शास्त्र से स्नातक हैं। उनके पिता सरदार जसवंत सिंह सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद धनबाद मे बीसीसीएल में पदस्थापित थे। लुधियाना के कथावाचक के रूप में उन्होंने प्रसिद्धि पाई है। उन्होंने कहा कि वाहेगुरु ने जो सेवा सौंपी है उसे वे मर्यादा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जब वे इंग्लैंड में थे उसी दौरान उन्हें जत्थेदार पद पर नियुक्ति की सूचना मिली।

तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने कहा कि सिख कौम के सहयोग से तख्त को मर्यादा कायम करने की सेवा निभाएंगे। वहीं एसजीपीसी के अध्यक्ष लोंगोवाल ने उम्मीद जताई कि ज्ञानी रंजीत सिंह धर्म प्रचार लहर को तेज करेंगे।

Hindustan (Ranchi,JKD)




मुहर्रम जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने हर तरह की तैयारी कर ली है। सोमवार को सुरक्षा के मद्देनजर शहर के कई इलाके में पुलिस प्रशासन की ओर से वरीय अधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया। • हिन्दुस्तान

## रातू में सुरक्षा को लेकर फ्लैग मार्च

**रातू।** रातू पुलिस ने सोमवार को सिमलिया, हाजी चौक, हुरहुरी सहित कई संवेदनशील जगहों पर फ्लैग मार्च किया। रातू थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार राव के नेतृत्व में फ्लैग मार्च रातू थाना से निकलकर हुरहुरी पहुंचा।

थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। 10 सितंबर को क्षेत्र में मुहर्रम का त्योहार मनाया जाएगा। मौके पर जुलूस भी निकलेगा। वहीं करमा का विसर्जन जुलूस भी मंगलवार को निकलेगा। इस दौरान लोगों को कोई समस्या न हो इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मुहर्रम और करम पर्व का विसर्जन जुलूस एक ही दिन होने के कारण पुलिस की ओर से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। हर चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। (प्र.)

# मालवाहक ऑटो चालकों ने हड़ताल कर विरोध जताया

रांची | संवाददाता

अपर बाजार क्षेत्र में वन-वे ट्रैफिक के खिलाफ सोमवार को हड़ताल की गई। इस हड़ताल में बिहार प्रगतिशील मजदूर यूनियन के कुछ मोटिया मजदूर और मालवाहक ऑटो चालक शामिल थे।

दिन के 12 बजे के बाद करीब दो दर्जन से अधिक मोटिया मजदूर और मालवाहक चालकों ने अपर बाजार क्षेत्र में वन-वे ट्रैफिक के खिलाफ व्यवसायियों से हड़ताल का आह्वान किया। प्रदर्शन के बाद शाम में अपर बाजार परिसर में मालवाहक वाहनों की आवाजाही बंद रही। हड़ताल का आह्वान यूनियन के विपिन ठाकुर के नेतृत्व में किया गया।

**हड़ताल को समर्थन नहीं :** झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के नेता ललित ओझा ने कहा कि उनका संगठन इस हड़ताल के पक्ष में नहीं है। यह हड़ताल अनियोजित और कुछ मोटिया मजदूर व मालक वाहन चालकों ने की है। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल से कुछ देर के लिए अपर बाजार प्रभावित रहा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। उन्होंने कहा कि शहर में मालवाहक वाहनों का परिचालन पूर्व की तरह जारी रहेगा।

बता दें कि वन-वे व्यवस्था से मालवाहक ऑटो चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### वन-वे से नाराजगी

- शाम में अपर बाजार में मालवाहक वाहनों की आवाजाही बंद रही
- शुरू में अपर बाजार प्रभावित रहा, बाद में स्थिति सामान्य हुई

Dainik Jagran (Ranchi,JKD)

# शहर में 250 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई



मुहर्रम को लेकर मेन रोड में फ्लैग मार्च करते रैफ के जवान • जागरण

जासं, रांची : मुहर्रम जुलूस को देखते हुए सुरक्षा व विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। 250 दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। राजधानी के जुलूस मार्गों के लिए चार और नियंत्रण कक्ष के लिए 11 दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा 200 पुलिस पदाधिकारी और 2000 से अधिक पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। राजधानी के जुलूस मार्गों के लिए चार और नियंत्रण कक्ष के लिए 18 दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। जिला नियंत्रण कक्ष के अलावा मेन रोड व डोरंडा में उपनियंत्रण कक्ष बनाए जाएंगे। जिला नियंत्रण कक्ष व उपनियंत्रण कक्ष में पांच-पांच पुलिस पदाधिकारी सहित 30-30 पुलिस बल और एक सेक्शन टीजी पार्टी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष टीम का भी गठन किया गया है। इसके तहत अफवाह फैलाने वाले व असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए गुप्त सूचनाओं को संग्रह किया जाएगा। शहर के प्रमुख स्थानों पर सादे लिबास में भी पुलिस पदाधिकारी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। नए या

## मुहर्रम आज

- 200 पुलिस पदाधिकारी और 2000 से अधिक पुलिस बल रहेंगे तैनात
- जिला नियंत्रण कक्ष एवं उपनियंत्रण कक्ष में भी पुलिस रहेगी तैनात

## जुलूस के कारण कई मार्गों पर यातायात रहेगा बंद

रांची : मंगलवार को मुहर्रम पहलाम जुलूस के कारण मेन रोड समेत कई मार्गों पर वाहनों का आवागमन नहीं होगा। सुबह 11 बजे से ही मेन रोड में वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। मुहर्रम का जुलूस रतन पीपी चौक से उर्दू लाइब्रेरी तक और लेक रोड से अलबर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, श्रद्धानंद रोड होते हुए महावीर चौक तक जाएगा। श्रद्धानंद रोड से महावीर चौक की ओर जुलूस जाने के क्रम में इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन नहीं होगा।

परिवर्तित मार्ग से जुलूस निकालने पर रोक रहेगी। रांची की सभी शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

Prabhat Khabar (Ranchi,JKD)

# निकाला फ्लैग मार्च 4000 जवान तैनात

**रांची.** मुहर्रम को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं. राजधानी में विभिन्न कंपनियों के रैफ, रैप, आइआरबी , जैप, जिला बल सहित 4000 जवानों को विभिन्न इलाकों में तैनात किया गया है. मुहर्रम को देखते हुए सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला गया. फ्लैग मार्च में रैपिड एक्शन फोर्स, जिला बल, आइआरबी के पुलिसकर्मी शामिल थे. फ्लैग मार्च मेन रोड से निकल कर मिशन चौक, कर्बला चौक, काली मंदिर , चर्च रोड, उर्दू लाइब्रेरी और हिंदपीढ़ी के कई मोहल्लों होते हुए मल्लाह टोली पहुंचा. वहां से फ्लैग मार्च एकरा मसजिद होते हुए सुजाता चौक तक गया और वहां से वापस लौटा. फ्लैग मार्च में कोतवाली डीएसपी अजीत कुमार विमल, सिटी डीएसपी अमित कुमार सहित अन्य थे.




फ्लैग मार्च में शामिल जवान.

**Prabhat Khabar (Bhagalpur,Bihar)**

**मुस्तैदी.** मुहर्रम से पहले पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, लोगों से सौहार्द की अपील

# त्योहार शांति से मनायें, सुरक्षा में पुलिस तैनात



सिटी डीएसपी राजवंश सिंह की अगुवाई में निकाला गया फ्लैगमार्च.



शहर के सभी संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा फ्लैगमार्च.

**संवाददाता** ▷ भागलपुर

मुहर्रम को लेकर रविवार को डीएसपी राजवंश सिंह के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया. कोतवाली थाने से मार्च में शामिल पुलिस अधिकारी और जवान पैदल घंटाघर चौक पहुंचे. वहां से वाहन पर सवार होकर सभी भोलानाथ पुल, डिक्सन मोड़, लोहिया सेतु, अलीगंज, डाटबाट, पंखा टोली, कबीरपुर होते हुए नाथनगर पहुंचे. मुख्य मार्ग होते हुए मार्च चंपानगर, विषहरी स्थान, सराय होते हुए कोतवाली थाना पहुंचे. कोतवाली थाना प्रभारी अमर विश्वास, ततारपुर, इशाकचक, मोजाहिदपुर, नाथनगर इंस्पेक्टर समेत सभी थाना प्रभारी मौजूद थे.

**शाहजंगी मैदान में सुरक्षा का लिया जायजा :** शाहजंगी मैदान में मार्च पास के दौरान डीएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. आसपास के लोगों की परेशानी का जाना समझा. उन्होंने कहा कि सुरक्षा समेत अन्य समस्या का समाधान कर दिया जायेगा. सभी त्योहार को शांति से मनाये, पुलिस सुरक्षा के लिए तैनात है.

**मिर्जियाचक में डीएसपी ने की बैठक :** फ्लैग मार्च के बीच डीएसपी ने नाथनगर चंपानगर स्थित मिर्जियाचक में बैठक की. बैठक में दोनों समुदाय के लोगों को बुलाया था. उन्होंने बताया कि तजिया जुलूस को आगे-पीछे करने के दौरान किसी तरह का विवाद नहीं हो, इसके लिए कमेटी का गठन किया गया है. सदस्य नाथनगर से भागलपुर मार्ग के बीच में खड़े रहेंगे. जिसका तजिया पहले इस मार्ग पर पहुंचेगा उसे आगे जाने दिया जायेगा. सदस्य किसी भी सूरत में आगे-पीछे जुलूस करने वालों को रोकने रोकेंगे. सदस्य को इस कार्य में सहयोग देने में पुलिस बल भी तैनात होंगे. जुलूस निकालने का समय तय किया गया है उसी वक्त में निकाला जायेगा. समय में अंतर भी किया गया है, जिससे आगे चल कर जुलूस आसपास नहीं आये. मौके पर मौजूद लोगों ने सहमति जतायी. पूरे जुलूस के दौरान शांति समिति के लोगों के साथ-साथ कमेटी के लोग भी रहेंगे, ताकि किसी तरह की कोई घटना नहीं हो. डीएसपी ने सभी से त्योहार को शांति व प्रेम से मनाने का आग्रह किया. मौके पर नाथनगर इंस्पेक्टर समेत पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव, भवेश यादव, अशोक राव, राजेश दास, असफाक अंसारी, नेजाहत अंसारी समेत मोहल्ले के गण्यमान्य लोग मौजूद थे.

## जुलूस वाले मार्ग पर तैनात होगी पुलिस

**भागलपुर.** मुहर्रम जुलूस के दौरान यातायात से जुड़ी समस्या नहीं हो, जाम की समस्या नहीं हो इसके लिए विशेष व्यवस्था किया गया है. ट्रैफिक डीएसपी आरके झा ने बताया कि तजिया जिस मार्ग से गुजरेगा उधर से भारी वाहनों के जाने पर रोक होगा. जाम की स्थिति नहीं हो इसके लिए विशेष प्रयास किया जायेगा. ऑटो या अन्य यात्री वाहनों को जहां-तहां नहीं रुकने दिया जायेगा ट्रैफिक पुलिस इस दौरान इन जगहों पर तैनात रहेंगे.


Dainik Bhaskar (Bhagalpur,Bihar)

# रैफ की एक टुकड़ी उतरी, संभाली सुरक्षा की कमान, मुहर्रम पर डीजे नहीं बजाने का आदेश

## आठ थानेदारों के साथ सिटी एसपी ने शहर में किया फ्लैग मार्च

सिटी रिपोर्टर | भागलपुर

मुहर्रम को लेकर शहर में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। भागलपुर पुलिस को रैफ की एक कंपनी भी सुरक्षा के लिए मिली है। रविवार को शाम चार बजे से शाम सात बजे तक तीन घंटे तक एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर सिटी एसपी सरोज कुमार सुशांत के नेतृत्व में आठ थानों के थानेदार के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। मार्च में सिटी डीएसपी राजवंश भी शामिल थे। कोतवाली, घंटाघर चौक, मोजाहिदपुर, हबीबपुर, [illegible]जंगी, नाथनगर इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया। उधर, एसएसपी



मुहर्रम को लेकर सद्भाव के लिए रैफ जवानों के साथ फ्लैग मार्च करते सिटी एसपी, डीएसपी व कई थानेदार।

## सभी अखाड़ों के साथ रहेगी पुलिस: डीएसपी

भास्कर न्यूज | नाथनगर

**Sakshi (Hyderabad,TS)**

# హబీబ్‌నగర్‌లో ఫ్లాగ్ మార్చ్



నాంపల్లి: శోభాయాత్రను పురస్కరించుకుని హబీబ్‌నగర్ పోలీసు స్టేషన్ పరిధిలో శాంతి భద్రతల పరిరక్షణలో భాగంగా ఆదివారం ఫ్లాగ్ మార్చ్ నిర్వహించారు. హబీబ్‌నగర్ ఇన్‌స్పెక్టర్ పూసపాటి శివచంద్ర, ఆర్‌ఏఎఫ్ డిప్యూటీ కమాండెంట్ బీనమ్మ జోసెఫ్‌ల సంయుక్త ఆధ్వర్యంలో సుమారు 225 మంది ఆర్‌ఏఎఫ్, లా అండ్ ఆర్డర్ పోలీసులు కవాతు చేశారు. పోలీసు స్టేషన్ పరిధిలోని హబీబ్‌నగర్, దారుస్సలాం, స్వామి దయానందనగర్, చాక్నావాడీ, సేవక్ నగర్, దర్గా యూసుఫియన్, తబందా ఎక్స్ రోడ్డు, ముర్గీ మార్కెట్, బజార్‌ఘాట్, హబీబ్ నగర్ ఎక్స్ రోడ్డు, మల్లేపల్లి బడీ మసీదు, రియాన్ హోటల్, ఆసిఫ్‌నగర్ ఎక్స్ రోడ్డు, ఆసిఫ్‌నగర్, సీతారామ్‌బాగ్, బోయిగూడ కమాన్, ఫ్రెండ్స్ కేఫ్, కట్టా మైసమ్మ దేవాలయం, మాన్గార్ బస్తీ, హమీద్ కేఫ్, తబందా కేఫ్ ప్రాంతాల్లో పోలీసు బలగాలు పర్యటించారు.

# ఆకట్టుకున్న ఆర్‌ఏఎఫ్ కవాతు



కవాతులో పాల్గొన్న బీనమ్మ జోసెఫ్, ఇన్‌స్పెక్టర్ పూసపాటి శివచంద్ర

**ఆసిఫ్‌నగర్, న్యూస్‌టుడే:** వినాయక నిమజ్జనం సమీపిస్తుండటంతో పోలీసులు బందోబస్తు పటిష్ఠం చేశారు. సామూహిక వినాయక నిమజ్జనం సన్నాహకంలో భాగంగా హబీబ్‌నగర్ ఠాణా పరిధిలో ర్యాపిడ్ యాక్షన్ ఫోర్సు(ఆర్‌ఏఎఫ్) బలగాలు. ఆదివారం కవాతు నిర్వహించాయి. హబీబ్‌నగర్, మాంగార్‌బస్తీ, అఫ్జల్‌సాగర్, మల్లేపల్లి, సీతారాంబాగ్, ఆగాపురా, నాంపల్లి ప్రాంతాల్లోని వీధుల్లో రూట్ మార్చ్ జరిపాయి. ఆర్‌ఏఎఫ్ డిప్యూటీ కమాండెంట్ బీనమ్మ జోసెఫ్, ఇన్‌స్పెక్టర్ పూసపాటి శివచంద్ర, ఎస్సైలు చంద్రశేఖర్, శివకుమార్ తదితరులు పాల్గొన్నారు.

Deployment of B/97 bn in c/w muharram and ganesh festival

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF











सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।